आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
मंगलवार 10.06.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत के रक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन की सराहना की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में पिछले 11 सालों का कालखंड, स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा।
- प्रदेश के सहकारी बैंकों में शीघ्र ही केंद्र सरकार के उपक्रम आईबीपीएस के माध्यम से 177 पदों पर भर्ती की जाएगी।
- विकसित कृषि संकल्प अभियान खरीफ– 2025 के तहत केंद्र सरकार के एक दल ने पौड़ी गढ़वाल के सुदूरवर्ती विकासखण्ड बीरोंखाल में किसानों से संवाद किया।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले ग्यारह वर्ष में भारत के रक्षा क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय परिवर्तन पर प्रकाश डाला है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता हासिल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह देखना उत्साहजनक है कि कैसे भारत के लोग राष्ट्र को मजबूत करने के साझा संकल्प के साथ एकजुट हुए हैं।

मोदी सरकार 11 वर्ष

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले 11 साल विकास, विश्वास और सकारात्मक बदलाव को समर्पित रहे हैं। इन 11 सालों का कालखंड सक्षम, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का रहा है। उन्होंने कहा कि इस अवधि में भारत ने, न केवल आर्थिक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण और राष्ट्रीय स्वाभिमान को भी पुनर्स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि इस कालखंड में राजनीति की नई कार्य संस्कृति प्रारंभ हुई है, जिसमें केवल वादे नहीं, परिणाम हैं। आज देहरादून में मोदी सरकार के 11 वर्ष ''संकल्प से सिद्धि तक'' विषय पर आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक का कालखंड स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि 2014 से प्रारंभ हुई यह यात्रा स्वतंत्रता के बाद जनता की अपेक्षाओं और अवधारणाओं को पूरा करने वाली रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों को भी गिनाया।

बदरीनाथ/हेमकुंड साहिब

प्रदेश में चारधाम यात्रा सुचारू रूप से जारी है। चारों धामों में प्रत्येक दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं, चमोली जिले में स्थित बदरीनाथ धाम में अब तक लगभग सात लाख तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं, जबकि हेमकुंड साहिब में भी अब तक करीब एक लाख श्रद्धालु मत्था टेक चुके हैं। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की समस्या न हो, इसके लिए प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

गिरफ्तार

बागेश्वर में कोतवाली पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने चरस और कीड़ा जड़ी की अवैध तस्करी में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के ने बताया कि पुलिस द्वारा लगातार मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज दो लोगों को अवैध चरस और कीड़ा जड़ी के साथ पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।
वहीं, इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक ने टीम को दो हजार रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

सहकारी बैक भर्ती

प्रदेश के सहकारी बैंकों में शीघ्र ही केंद्र सरकार के उपक्रम आईबीपीएस के माध्यम से 177 पदों पर भर्ती होने जा रही है। आईबीपीएस केंद्र सरकार की एकमात्र संस्था है, जो राष्ट्रीयकृत बैंकों के कार्मिकों की भर्ती करती है। सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने भर्ती प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि सहकारिता विभाग के अंतर्गत जिला सहकारी बैंकों और राज्य सहकारी बैंकों के वर्ग–1, 2 और 3 के कुल रिक्त 177 पदों पर शीघ्र भर्ती की जाएगी। विभागीय मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने इस भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए आईबीपीएस को जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि आईबीपीएस के माध्यम से पारदर्शिता तरीके से सहकारिता विभाग में दो बार भर्ती हो चुकी है। उत्तराखंड देश का पहला राज्य है, जहां सहकारी बैंक के कार्मिकों की भर्ती के लिए इसी संस्था को चुना गया है, ताकि पारदर्शिता तारीके से भर्ती की जा सके और योग्य युवाओं को मौका मिल सके। डॉ. रावत ने विभागीय अधिकारियों को भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने और शीघ्र ही आईबीपीएस के माध्यम से इसका भर्ती विज्ञापन जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस भर्ती का उद्देश्य सहकारी बैकों में रिक्त पदों को भरकर उनकी कार्यक्षमता को और बढ़ाना है।

विकसित कृषि संकल्प अभियान

विकसित कृषि संकल्प अभियान खरीफ– 2025 के तहत केंद्र सरकार के एक दल ने आज पौड़ी गढ़वाल के सुदूरवर्ती विकासखण्ड बीरोंखाल में किसानों से संवाद किया। इस दौरान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के उप सचिव, अनूप सिंह बिष्ट के नेतृत्व में बीरोंखाल पहुंचे दल ने किसानों को इस अभियान की जानकारी दी। श्री बिष्ट ने किसानों के साथ उनकी मातृभाषा गढ़वाली में संवाद करते हुए उन्हें कृषि संबंधित योजनाओं, नई कृषि तकनीकों, बीजों की उन्नत किस्मों, नवाचार, जल प्रबंधन, जैविक खेती की वैज्ञानिक विधियों और उन्नत कृषि शोधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसानों की आय में वृद्धि के लिए कृषि नवाचार में किए गए शोध को क्रियान्वित करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

स्थानीय काश्तकार किरन बिष्ट ने कहा कि इस संवाद में उन्हें कृषि से संबंधित कई जानकारियां मिलीं, जो काफी लाभकारी हैं।

मौसम

मौसम विभाग ने आज उत्तरकाशी, चमोली, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से झोकेदार हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने इस अवधि में बागेश्वर जिले के कुछ स्थानों सहित उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश की संभावना भी जताई है।